हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, शनिवार, 1 फरवरी 2025


तापमान

अधिकतम 20.2 डिग्री
न्यूनतम 9.3 डिग्री


11 निजीकरण के खिलाफ पॉवर इंजिनियर्स एसोसिएशन का प्रदर्शन





12 राष्ट्रीय खेलों में लगातार चौथी बार रग्बी चैंपियन बना हरियाणा




## खबर संक्षेप

### निगम टीम ने शहर में हटाया अतिक्रमण

हिसार। नगर निगम की तहबाजारी टीम ने ऑटो मार्केट फेस 3 से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान टीम को देखकर अवैध रूप से सामान रखने वालों में अफरा-तफरी मच गई। तहबाजारी टीम के इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि ऑटो मार्केट से अतिक्रमण हटाने का कार्य निरंतर चलता रहेगा।

### बसंत पंचमी पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**हिसार।** बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में श्रीरामभक्त हनुमान मंदिर, गली नम्बर-2 जवाहर नगर में अस्पताल के सहयोग से 2 फरवरी को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। प्रधान इन्द्र चंद राठी ने बताया कि सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीता यादव, डॉ. मयंक यादव, डॉ. देशराज शर्मा, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिलाषा व डॉ. हितेश शर्मा रोगियों की जांच करेंगे।

### पिस्तोल सहित एक युवक गिरफ्तार

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के तहत एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तोशाम रोड पर सेक्टर 16-17 मोड़ के पास एक संदिग्ध युवक को 315 बोर के पिस्तोल सहित पकड़ा। एसएचओ कविता ने बताया कि पुलिस विश्वासपुरम कॉलोनी के नजदीक नहरी पुल पर मौजूद थी। इस दौरान एक युवक पुलिस को रोककर उसकी तलाशी ली तो खाली पिस्तौल मिली। आरोपी ने अपनी पहचान प्रेम कॉलोनी निवासी आकाश के रूप में बताई।

### विधायक चंद्रप्रकाश ने सुनी शिकायतें

**मंडी आदमपुर।** विधायक एवं रिटायार्ड आईएएस चंद्रप्रकाश ने लोगों की शिकायतें सुनी और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी जगह पर विफल रही है तथा जनता को पीने का जल तक नहीं मिल रहा है एवं लोग काम करवाने के लिए भटकते देखे जा सकते हैं। जनता के काम समय पर नहीं हो रहे हैं।

### दवा लेने आई महिला के गले से चेन चोरी

**हिसार।** अग्रोहा मेडिकल में दवाई लेने आई महिला की रोडवेज बस में गले की चेन चोरी कर ली। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आदमपुर नंदी गोशाला की रहने वाली भंती देवी ने बताया कि 30 जनवरी को वह सुबह अग्रोहा मेडिकल कॉलेज से दवाई लेने गई थी। दोपहर करीब 1:30 बजे हिसार से आदमपुर जाने वाली रोडवेज बस में सवार हुईं। जब बस दोपहर 1:35 बजे गांव फ्रांसी के बस अड्डे के पास पहुंची, तो उसने अपने गले में पहनी सोने की तबीजी को छूकर देखा तो वह गायब मिली। जिसकी जानकारी चालक परिचालक को दी।

### स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर एक्टिव मोड़ में नगर निगम प्रशासन

# स्वच्छता सर्वेक्षणः देश में टॉप 50 स्वच्छ शहरों में 'फिरोजा नगरी' लाने पर फोकस

**सात साल में केवल दो बार प्रदेश के टॉप 5 स्वच्छ शहरों में हिसार को नहीं मिली जगह अभी तक एक बार भी देश के टॉप 100 शहरों की दौड़ से रहा दूर**



हिसार। बैठक को संबोधित करते नगर निगमायुक्त नीरज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

स्वच्छता सर्वेक्षण का अंतिम दौर चल रहा है और फरवरी या मार्च माह में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर टीम कभी भी हिसार आ सकती है। ऐसे में नगर निगम प्रशासन ने स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग पाने के लिए कमर कस ली है। शुक्रवार को नगर निगम के मुख्य सभागार में स्वच्छता सर्वेक्षण और शहर की सफाई को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता निगमायुक्त नीरज ने की। बैठक में निगमायुक्त ने कहा कि इस बार सफाई से जुड़े कार्य और अधिक बेहतर और मेहनत से करेंगे ताकि स्वच्छता सर्वेक्षण में हमारे शहर का रैंक पूरे देश में टॉप 50 में आए। इसके लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर सेमिनार भी आयोजित किए जाएंगे। बैठक में सीटीएल प्रदीप जाखड़ ने टूल किट में दिए गए निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी

#### दो बड़ी शिपिंग मशीन खरीदने का निर्णय

निगमायुक्त ने कहा कि शहर के मुख्य रोड की सफाई रोड शिपिंग बड़ी मशीन से करवाई जाती है। इससे पूरे शहर के सभी मुख्य रोड की समय पर सफाई नहीं हो पाती। इसके लिए नगर निगम द्वारा दो बड़ी रोड शिपिंग मशीन खरीदने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा एक वेक्यूम क्लीनर मशीन भी खरीदने का निर्णय लिया गया। यूनियन की मांग पर रेहड़े ठीक करवाने और नए रेहड़े खरीदने के लिए एक कमेटी का गठन कर दिया गया है। जल्दी रेहडों की रिपोर्ट तैयार करके उनकी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा।

#### सफाई से जुड़े कार्य सुचारू रूप से करें

बैठक को संबोधित करते हुए निगमायुक्त नीरज ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण को देखते सभी दरोगा अपने-अपने क्षेत्र में सफाई से जुड़े सभी कार्य सुचारू रूप से करें। अगर आपको कार्य में कोई समस्याएं आती है तो तुरंत अपने उच्च अधिकारी को अवगत करवाएं। उस समस्या का निदान तुरंत प्रभाव से करवाया जाएगा।

बैठक में एसीयूटी कनिका गोयल, एसीयूटी आकाश शर्मा, संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह, अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, यूनियन के प्रधान सुरेंद्र, जेई राकेश कुमार, सीएसआई राजकुमार, एएसआई रोहित, एएसआई कपिल, एएसआई राहुल सैनी, तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू, सीटीएल प्रदीप जाखड़, सभी दरोगा इत्यादि मौजूद रहे।

#### एक्सटेंशन नहीं मिलने पर निगम खुद करेगा कचरा संग्रहण, 14 फरवरी तक का टेंडर

ड्राइवर की संख्या कम होने पर निगमायुक्त नीरज ने कहा कि इसके लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम से उनकी डिमांड की जाएगी। 14 फरवरी को 11 से 20 वार्ड के डोर टू डोर कचरा संग्रहण का टेंडर खत्म हो जाएगा। इस पर निगमायुक्त ने कहा कि इसके लिए 6 महीने की एक्सटेंशन ओर मांगी गई है। अगर किसी कारणवश एक्सटेंशन नहीं होती तो 11 से 20 वार्ड का डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य नगर निगम द्वारा किया जाएगा। इसके लिए निगमायुक्त ने अधिकारियों को रूपरेखा तैयार करने के आदेश भी दिए।

#### स्वच्छता सर्मेक्षण में हिसार को मिली रैंकिंग

| वर्ष | देश में | प्रदेश में |
|---|---|---|
| 2023 | 194 | 7 |
| 2022 | 115 | 8 |
| 2021 | 165 | 5 |
| 2020 | 105 | 6 |
| 2019 | 173 | 7 |
| 2018 | 146 | 5 |
| 2017 | 291 | 6 |



हिसार। वाहनों की जांच करते हुए जिला खनन विभाग की चेकिंग टीम।

## खनन विभागः 1491 वाहनों की चेकिंग, 10 लाख से अधिक जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले में अवैध खनन एवं बिना ई-रवाना पास के खनिज परिवहन पर सख्त कार्रवाई करते हुए खनन विभाग ने जनवरी माह में 1491 वाहनों की जांच की। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 10 लाख 70 हजार 900 रुपये का जुर्माना लगाया गया, जिसे सरकारी खजाने में जमा करवाया गया है।

डीसी ने दिसंबर माह में जिला स्तरीय खनन कमेटी की मासिक बैठक के दौरान सख्त निर्देश दिए थे कि जिले में खनन गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और टोल प्लाजा सहित प्रमुख मार्गों पर वाहनों की जांच बढ़ाई जाए। इसी के तहत जनवरी माह में टोल प्लाजा लांधड़ी, साउथ बाइपास, तोशाम रोड, मंगाली रोड व आसपास के क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

जिला खनन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि चेकिंग के दौरान 4 वाहन बिना ई-रवाना पास के पकड़े गए, जिन्हें पुलिस की मदद से संबंधित थानों में सीज करवाया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के खिलाफ प्रतिदिन विभागीय टीम निगरानी कर रही है और भविष्य में भी यह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### राजकीय बहुतकनीकी की चार छात्राओं की मिली प्लेसमेंट, 2.04 लाख तक का पैकेज व आवास

**हिसार।** शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के प्लेसमेंट अभियान के तहत गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के फैशन टेक्नोलॉजी विभाग की नेहा, रशिका, रवीना और सवीना का डिप्लोमा ट्रेनी के रूप में ब्रिज एंड कंपनी, सोनीपत में ऑफ-कैंपस साक्षात्कार के माध्यम से चयन हुआ। जिसमें उन्हें 2.04 लाख रुपये वार्षिक वेतन और आवास की सुविधा मिलेगी। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी (टीपीओ) डॉ. मुकेश बंसल ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत और संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है।

## मकान से हजारों की नकदी और आभूषण चोरी, अज्ञात पर केस



**बरवाला।** शहर में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। वार्ड नंबर 18 के वीरभान के घर में हुई चोरी में अज्ञात चोरों ने 30 हजार रुपए नकद के साथ-साथ सोने-चांदी के कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया।

बताया जा रहा है कि 28 से 30 जनवरी को मकान मालिक वीरभान परिवार के साथ ससुराल गांव कनोह गए हुए थे। मकान मालिक ने बताया कि जब वे 30 जनवरी को वापस लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ था और अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने अलमारी में रखे 30 हजार रुपये व अटैची से 7 तोला चांदी की पायजेब, आधा तोला सोने की तबीजी, एक सोने का ढोल और 4 जोड़ी कुंडल भी चुरा लिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पाया कि चोर घर की दीवार फांदकर घुसे और कमरे का ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया।

## जुआ खेलते 12 गिरफ्तार, 49.400 रुपये बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जुआरियों पर कार्रवाई करते हुए एचटीएम थाना पुलिस ने नई सब्जी मंडी स्थित कमरे की छत पर जुआ खेलते हुए 12 व्यक्तियों को काबू किया है। पुलिस ने इनसे जुआ में प्रयुक्त 49 हजार 400 रूपये भी बरामद किए हैं।

मुख्य सिपाही मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर नई सब्जी मंडी स्थित कमरे की छत पर जुआ खेलते हुए 12 व्यक्तियों को काबू किया। जांच पड़ताल में इनसे ताश के पत्ते और 49 हजार 400 रुपये बरामद किए गए।

पूछताछ में इन्होंने अपना नाम महावीर कॉलोनी निवासी करण, ढाणी श्याम लाल निवासी जितेंद्र उर्फ जोनी, शिव नगर निवासी अमरजीत, बड़वाली ढाणी निवासी जोगिंदर, शांति नगर निवासी प्रवीण, शास्त्री नगर निवासी गुलशन, ढाणी श्याम लाल निवासी धर्मवीर उर्फ बबलू, गोविंद नगर निवासी कालू उर्फ काली, पटेल नगर निवासी संजय उर्फ संजू, विनोद नगर निवासी बबलू, उत्तम नगर निवासी दीपक उर्फ दीपू उर्फ दिनेश और महावीर कॉलोनी निवासी मोनू बताया। पुलिस ने इन पर केस दर्ज कर लिया है।

### सट्टा खाईवाल करते काबू, 13500 रुपये बरामद

**हांसी।** सीआईए स्टाफ पुलिस ने सट्टा खाईवाल करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ढाणी केंदू निवासी सुनील उर्फ सोनू के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि सीआईए स्टाफ पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव ढाणी केंदू में एक व्यक्ति गांव सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। सूचना के आधार पर सीआईए टीम ने मौके पर जाकर सुनील उर्फ सोनू को 13500 रुपये सहित गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ सट्टा अधिनियम के तहत केस दर्ज किया।

## समाधान शिविर में डीसी ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

**हिसार।** उपायुक्त अनीश यादव ने शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समाधान शिविर के दौरान हिसार निवासी दयाकिशन की राजकीय प्राथमिक पाठशाला से नौकरी से हटाने की शिकायत पर उपायुक्त अनीश यादव ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ग्रीन स्केयर मार्केट एसोसिएशन की मार्केट से कूड़े के डंप प्वाइंट को हटवाने की शिकायत पर उपायुक्त अनीश यादव ने नगर निगम के अधिकारियों को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें, इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान एडीसी सी. जयाश्रद्धा, एसडीएम ज्योति मित्तल, डीएसपी कमलजीत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएनबी की महिला एफओ से पर्स छीनने वाले को पांच साल कैद

**हिसार।** एडीएसजे गगनदीप की अदालत ने पंजाब नेशनल बैंक की महिला कृषि अधिकारी से पर्स छीनने के मामले में आरोपी को पांच साल की सजा सुनाई। अदालत ने इससे पहले अजय उर्फ बच्ची को दोषी करार दिया था। मामले के अनुसार 13 मार्च 2024 की शाम सात बजे पीड़िता अर्बन एस्टेट मार्केट में शॉपिंग के लिए गई थी। पीएनबी में कृषि अधिकारी के पद पर कार्यरत कुसुम ने गाड़ी मिठाई की दुकान के सामने खड़ी की। जैसे ही वह मार्केट की तरफ बढ़ी तो युवक उसका पर्स छीनकर फरार हो गया। जिसमें आवश्यक दस्तावेज व 2200-2300 रुपए थे। सूचना मिलने पर अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इसी मामले में जांच के चलते आरोपी अजय उर्फ बच्ची को गिरफ्तार कर लिया गया। अदालत ने सभी सबूतों और गवाहों के बयान के आधार पर अजय उर्फ बच्ची को दोषी पाते हुए पांच साल कैद की सजा सुनाई।

## इस माह होगा 2024 के डेंगू-मलेरिया कसों का फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

2024 के मलेरिया/डेंगू केसों को फरवरी माह में एमपीएचडब्ल्यू द्वारा फॉलोअप किया जाएगा और घर-घर जाकर जनमानस को डेंगू बीमारी के प्रति जागरूक किया जाएगा। बुखार के मरीजों की रक्त पट्टिकाएं बनाई जाएगी। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सुभाष खतरेजा ने शुक्रवार को जिला मलेरिया सभागार में मच्छरजनित बीमारियों की समीक्षा बैठक में यह बात कही। बैठक में परिवार नियोजन अधिकारी डॉ. अनामिका बिश्नोई मौजूद रही। डॉ. बिश्नोई ने बताया कि बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी परिवार



नियोजन कार्यक्रम में अपनी भूमिका जरूर अदा करें और लोगों को नसबंदी के लिए प्रेरित करे ताकि परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकें। सूक्ष्मजीव विज्ञानी सोनू बूरा ने स्वास्थ्य कर्मियों को रेबीज कार्यक्रम के बारे और पशुओं में फैलने वाली बीमारियों, उनके लक्षण और निदान के प्रति जागरूक करें।

मलेरिया कार्यालय के तकनीकी शाखा प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि फरवरी माह में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्रत्येक सोमवार को प्रवासी मजदूरों जो भट्ठों, झुग्गी बस्तियां, फुटपाथ पर रहते है उनकी रक्त पट्टिकाएं बनाई जाएगी। वहां पर एंटी लारवा गतिविधियां की जाएंगी। घर-घर जाकर जनमानस को डेंगू बीमारी के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा परिवार नियोजन के कार्यक्रमों को सफल बनाने के भी प्रयास अमल में लाए जाएंगे। इस बैठक में स्वास्थ्य सुपरवाइजर सुखबीर सिंह और एमपीएचडब्ल्यू बजरंग सोनी, आशीष, सुनील कुमार, सुरेश कुमार, अमित कुमार, कर्मजीत, लैब तकनीशियन नीरज मेहता, कश्मीर सिंह आदि ने भाग लिया।

## स्कूटी चोरी में एक गिरफ्तार चारी की गई स्कूटी बरामद

**हिसार।** एचटीएम थाना पुलिस ने रेड स्कवेयर मार्केट से स्कूटी चोरी के मामले में फ्रांसी गांव निवासी रामधारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा स्कूटी बरामद की है। मुख्य सिपाही जीवन ने बताया कि पिछले वर्ष 15 सितंबर को सेक्टर 14 हिसार निवासी मोहित टुटेजा ने रेड स्कवेयर मार्केट से उसकी स्कूटी चोरी होने के बारे में मोहल्ला डोगरान पुलिस चौकी में शिकायत दी थी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी रामधारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा स्कूटी बरामद की है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी ने पहले भी चोरी की वारदातें की है, जिनमें यह जमानत पर रिहा है।

## एचएयू कुलपति को मिला दूसरा कार्यकाल, स्वागत

- 16 अप्रैल 2021 में एचएयू के 20वें कुलपति नियुक्त हुए थे प्रो. बीआर कंबोज, इस अवधि में 150 से अधिक वैज्ञानिकों की हुई भर्ती



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज को माला पहनाकर स्वागत करते हौटा प्रधान डॉ. अशोक गोदारा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चार वर्ष की एक और कार्य अवधि मिलने से विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने खुशी जताई है। अपनी खुशी जाहिर करते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों व किसानों ने कुलपति कार्यालय के सामने पगड़ी पहनाकर व फूल मालाएं डालकर जोरदार स्वागत किया। गौरतलब है कि प्रो. काम्बोज 16 अप्रैल 2021 को विश्वविद्यालय के 20वें कुलपति नियुक्त हुए थे और वे एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक रहे हैं।

इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कुलपति को बधाई देते हुए उनके द्वारा पिछले कार्यकाल में 150 से अधिक नए वैज्ञानिकों की भर्ती करने, वैज्ञानिकों की समयानुसार पदोन्नती करने, वैज्ञानिकों की अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में शोध संबंधी प्रशिक्षण करवाने व वैज्ञानिकों के लिए बनवाए जा रहे नए सरकारी आवासों के लिए उनका धन्यवाद भी किया।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि उनके दूसरे कार्यकाल का श्रेय विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की शिक्षा के क्षेत्र में, वैज्ञानिकों की शोध के क्षेत्र में तथा विश्वविद्यालय प्रशासन का टीम भावना एवं आपसी तालमेल के साथ किए गए कार्यों को जाता है। उन्होंने कहा कि समूचे विश्वविद्यालय परिवार ने निर्धारित समय-सीमा से बाहर निकल कर दिन-रात कड़ी मेहनत की।

### गुजवि के 4 शिक्षक वरिष्ठ प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत, 6 कनफर्म

# विवि कार्यकारी परिषद की बैठक, कई अहम फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद की 100वीं बैठक विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के कमेटी हाल में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। संचालन कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने किया। बैठक में विश्वविद्यालय के चार प्रोफेसर्स को केरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत वरिष्ठ प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत किया गया है। इसके अतिरिक्त आठ शिक्षकों को केरियर एडवांसमेंट स्कीम के अगला वेतनमान दिया गया। गैर शिक्षक कर्मचारियों के नए पदों के सृजन के लिए सरकार को



हिसार। कार्यकारी परिषद की बैठक में उपस्थित कुलपति व अन्य सदस्य।

प्रस्ताव भेजने के लिए स्वीकृति दी गई। इसके अतिरिक्त कई अन्य महत्वपूर्ण एजेंडे भी पारित किए गए।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि प्रो. योगेश चाबा, प्रो. देवेन्द्र कुमार, प्रो. संदीप आर्य तथा प्रो. हेमचंद गर्ग को वरिष्ठ प्रोफसर के पद पर पदोन्नत किए। डा. अनिल खटक, डॉ. अंजू गुप्ता, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. दीपक नांदल, डॉ. जयभगवान, डॉ. साक्षी ढींगड़ा व डॉ. सुमित कुमार को अगला वेतनमान देने का अनुमोदन किया गया। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस की डॉ. सुनीता रानी, डॉ. मणीश्रेष्ठ, डॉ. वंदना, डॉ. निधि तुरान, डॉ. मोनिका व फार्मास्युटिकल साइंसिज विभाग की डॉ. कविता बहमनी की नियुक्ति कन्फर्म की। विश्वविद्यालय में नए कोर्स शुरू किए गए हैं, जिससे गैर शिक्षक कर्मचारियों के पदों के सृजन की भी आवश्यकता है। इसके लिए कार्यकारी परिषद ने प्रस्ताव पारित करके गैर शिक्षक कर्मचारियों के नए पदों के सृजन की स्वीकृति के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया है।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि बैठक में सेंटर फोर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) के तहत हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे 15 सर्टिफिकेट कोर्स भी अनुमोदित किए गए हैं। ये सभी कोर्स रोजगारपरक हैं।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यकारी परिषद की बैठक में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कुलपति प्रो. जेपी यादव, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, प्रो. बीबी गोयल, प्रो. सुनीता मेहला, प्रो. संदीप तथा प्रो. विकास वर्मा, अधिष्ठाता प्रो. आशा गुप्ता, प्रो. संदीप आर्य, प्रो. सुमित्रा सिंह, प्राचार्य प्रो. विक्रमजीत सिंह, प्रो. पवित्र मोहन शर्मा तथा प्रो. प्रवीन कुमार व प्रो. डीसी भट्ट व चयनित सदस्य डॉ. मणीश्रेष्ठ व डॉ. सोमदत्त उपस्थित रहे।

मानव के होठ उसकी त्वचा की 3 से 4 परतों के जोड़ से बनते हैं और इसी वजह से वो लाल अथवा गुलाबी रंग के होते हैं।

जागते समय एक मनुष्य का मस्तिष्क 10 से 23 वॉट की इलेक्ट्रिसिटी छोड़ता है, जिससे एक बल्ब जल सकता है।

# जल विभाग में नौकरी है शानदार करियर ऑप्शन



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में कार्यों को अलग-अलग विभाग के माध्यम से किया जाता है। भारत में पुलिस विभाग जिस प्रकार से अपना काम करता है। उसी प्रकार के जल विभाग के द्वारा जल से संबंधित कार्यों को भारत में किया जाता है। जल विभाग के कार्यों को करने के लिए भारत में जल विभाग की नौकरी और जल विभाग भर्ती का भी आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। जल विभाग में भर्ती आने के पश्चात विद्यार्थी किस प्रकार से जल विभाग में नौकरी हासिल कर सकता है। इसके बारे में ज्यादातर लोगों को जानकारी नहीं है। आज के आर्टिकल में हम आपको जल विभाग में नौकरी के बारे में डिटेल में जानकारी देंगे।

## क्या होता है जल विभाग

सरकार का एक ऐसा डिपार्टमेंट जिसके माध्यम से जल संबंधित समस्त समस्याओं को दूर करने के कार्य किए जाते हैं। उसे जल विभाग कहते हैं। जल विभाग एक सरकारी विभाग है जो हर जिला में इसका मुख्यालय होता है। जल विभाग के जिले में स्थित कार्यालय की मदद से जिले में उत्पन्न होने वाली जल संबंधित समस्याओं को दूर किया जाता है।

### जल विभाग की नौकरी सरकारी

राज्य सरकार और केंद्र सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष रिक्त पदों को ध्यान में रखते हुए जल विभाग में आवश्यक रिक्त पदों को पूरा करने के लिए सरकारी भर्ती का आयोजन किया जाता है। जल विभाग की सरकारी नौकरी के लिए विद्यार्थियों को 12 वीं पास होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को इस भर्ती में आवेदन लगाने और इस भर्ती के तहत जल विभाग में शामिल हो सकते हैं और जल विभाग में सरकारी नौकरी पा सकते हैं। जो विद्यार्थी जल विभाग में उच्च पदों पर नौकरी हासिल करना चाहते हैं। उन विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री करनी पड़ती है। उसके अकॉर्डिंग जल विभाग के अलग-अलग पदों पर आवेदन किया जा सकता है। जल विभाग भर्ती में एग्जाम होने के बाद इंटरव्यू भी होता है और एग्जाम पास करने वाली उम्मीदवारों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाता है और उसके पश्चात नियुक्ति पत्र प्रदान करवा कर जल विभाग में नौकरी दे दी जाती है।

## महत्वपूर्ण जानकारी

राज्य का जल संसाधन विभाग एक सरकारी विभाग यहां राज्य में जल की आपूर्ति पूरे करने का कार्य करता है। जल संसाधन विभाग के माध्यम से राज्य में पेयजल की आपूर्ति पूरी करने के साथ-साथ जहां पर जल के माध्यम से सिंचाई होती है। वहां सिंचाई हेतु जरूरी जल की आपूर्ति को पूरा करना होता है। कई बार जल विभाग के कर्मचारियों को पानी के टैंक और पाइपों की सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने होते हैं। इतना ही नहीं नहर की सफाई के कार्य भी करवाने होते हैं। ताकि घरों तक पहुंचने वाला पेयजल शुद्ध पहुंचे।

### जरूरी योग्यता

- जल विभाग में नौकरी लेने वाले उम्मीदवार की उम्र 18 वर्ष से 30 वर्ष होना अनिवार्य है।
- जो उम्मीदवार जल विभाग में नौकरी लेने के लिए आवेदन करना चाहता है।
- वह भारत का नागरिक होना जरूरी है।
- उम्मीदवार के ऊपर किसी भी प्रकार का जुर्म होने का आरोप व पुलिस केस नहीं होना चाहिए।
- उम्मीदवार मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है।

## भर्ती होने की प्रक्रिया

जो उम्मीदवार जल विभाग भर्ती में आवेदन लगा कर चल विभाग में नौकरी पाना चाहता है। उस उम्मीदवार को जल विभाग में भर्ती होने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी होना जरूरी है। जल विभाग में आने वाली भर्तियों में उम्मीदवार को आवेदन करने के बाद लिखित परीक्षा में भाग लेना होता है। लेकिन परीक्षा को पूरा करने के पश्चात उम्मीदवार को दूसरे चरण के तौर पर एक और लिखित परीक्षा में भाग लेना होता है। पहले लिखित परीक्षा में उम्मीदवार को सामान्य ज्ञान से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं और दूसरी लिखित परीक्षा में उम्मीदवार के लिए विषय से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं। जल विभाग के जिस पद पर उम्मीदवार नौकरी के लिए आवेदन करता है। उस पद से संबंधित सवाल दूसरे पेपर में पूछे जाते हैं। दोनों पेपर पास करने के बाद उम्मीदवार को तीसरे चरण के तौर पर साक्षात्कार के लिए भेजा जाता है। साक्षात्कार पास करने वाले उम्मीदवार को आगे जॉइनिंग लेटर देकर नौकरी पर नियुक्त कर दिया जाता है।

**कौन-कौन से पद होते :** भारत में जल विभाग में अलग-अलग पदों पर अलग-अलग भर्तियों का आयोजन किया जाता है। भारत में जल विभाग में कौन-कौन से पद होते हैं। इसके बारे में नीचे जानकारी दी गई है।

- इंजीनियर
- असिस्टेंट इंजीनियर
- जूनियर इंजीनियर
- लिपिक संवर्ग
- सफाई कर्मी
- ड्राइवर

**सैलरी :** जल विभाग में उम्मीदवार को कितनी सैलरी मिलती है। इसके बारे में बात की जाए तो जल विभाग में बहुत सारे अलग-अलग पद होते हैं। सफाई कर्मी से लेकर इंजीनियर के पद पर भी इस विभाग में उम्मीदवारों को चयनित किया जाता है। जल विभाग में उम्मीदवारों की सैलरी के बारे में बात करें तो उच्च श्रेणी पर कार्यरत उम्मीदवारों को 30000 से लेकर 67000 की सैलरी मिलती है और नीचे जूनियर और सफाई कर्मी के तौर पर काम करने वाले उम्मीदवारों को 15000 से 25000 तक की सैलरी मिल जाती है।

---

भारत में सदियों से यह चिकित्सा पद्धति प्रचलन में, तेजी से बढ़ रहा रुझान

# यूनानी चिकित्सा पद्धति में बीयूएमएस का कोर्स दे सकता है करियर को नई उड़ान

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

भारत में जिस प्रकार सदियों से आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति चली आ रही थी, ठीक उसी प्रकार यूनान में भी चिकित्सा के क्षेत्र में यूनानी चिकित्सा पद्धति चली आ रही थी, जो वर्तमान समय में भी जारी है। आपने देखा होगा कि पिछले कुछ समय से भारत में आयुर्वेदिक चिकित्सा को लेकर काफी बढ़ावा दिया जा रहा है। जगह-जगह चिकित्सालय खोले जा रहे हैं आयुर्वेदिक संस्थान खोले जा रहे हैं तथा आयुर्वेदिक चिकित्सा से संबंधित विभिन्न प्रकार के कोर्स करवाए जा रहे हैं। तरह-तरह की चिकित्सा पद्धति निर्धारित की जा रही है। इसी कड़ी में इस पद्धति को आगे बढ़ाने के लिए इसके कोर्स निर्धारित किए गए हैं, जो भारत के विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान और विश्वविद्यालय द्वारा करवाए जाते हैं। भारत की आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति की तरह यूनान की सदियों पुरानी यूनानी चिकित्सा पद्धति भी चिकित्सा के क्षेत्र में काफी कारगर साबित हो रही है। इसीलिए यूनानी चिकित्सा पद्धति के आधार पर भी दुनिया भर में इलाज किया जा रहा है तथा चिकित्सा के क्षेत्र में नए नए कदम उठाए जा रहे हैं। इस चिकित्सा पद्धति को आगे बढ़ाने के लिए इस पद्धति के आधार पर कोर्स निर्धारित किए गए हैं। हर एक कार्य के लिए हर एक कोर्स निर्धारित किया गया है उसे कोर्स को करके कोई भी व्यक्ति यूनानी चिकित्सा प्रणाली के तहत यूनानी चिकित्सक बनकर कार्य कर सकता है। यूनानी चिकित्सा पद्धति के कोर्स भारत में भी करवाए जाते हैं जिसे आप अपनी रूचि के आधार पर कर सकते हैं। यूनानी चिकित्सा पद्धति पर आधारित एक ऐसा ही कोर्स बीयूएमएस है। इस कोर्स का मकसद यूनानी चिकित्सा पद्धति के डॉक्टर से तैयार करना है।

## यह ग्रेजुएशन लेवल का कोर्स



### क्या है बीयूएमएस कोर्स

बीयूएमएस का फुल फोर्म बैचलर्स ऑफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी होता है। यदि इसे हम आसान शब्दों में कहें तो बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी का हिंदी नाम यूनानी काय चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा होता है। यह कोर्स एक बैचलर स्तर यानी कि ग्रेजुएशन लेवल का कोर्स होता है। इस कोर्स के अंतर्गत चिकित्सा के तरीकों में मसाज, डायाफोरेसिस, लीचिंग और एक्सरसाइज आदि की पढ़ाई शामिल है। यह कोर्स 6 वर्ष का है इसे 12वीं के बाद कर सकते हैं। विशेष रूप से इस कोर्स को वह भी विद्यार्थी कर सकते हैं जो रोजमर्रा के शारीरिक तकलीफ और बीमारियों वाले डॉक्टर बनना चाहते हैं। बता देते हैं कि इसमें इस तरह की सभी जानकारी उपलब्ध कराई जाती है जिसके बाद आप रोज महाराज जीवन में होने वाली तकलीफ रोग और कठिनाइयां तथा परेशानियों का निवारण कर सकते हैं और व्यक्ति को स्वस्थ कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद यूनानी पद्धति का डॉक्टर बन जाते हैं। यह एक ग्रेजुएट कोर्स हैं जिसमें एक साल की इंटरनशिप भी करनी होती है।

### क्यों करें यह कोर्स

बीयूएमएस करने के कारण आप विभिन्न प्रकार के फायदे प्राप्त कर सकते हैं। बता देते हैं कि वर्तमान समय में हर एक तथा उस कोर्स को करवाया जाता है, जो वर्तमान समय की जरूरत के आधार पर तथा कुछ महत्वपूर्ण जरूरतों के आधार पर निर्धारित किया गया है, तो अगर आप इस पोस्ट को करते हैं। तो विभिन्न प्रकार के फायदे देख सकते हैं।

- बीयूएमएस कोर्स करने के बाद उम्मीदवार के सामने कैरियर की अनेक संभावनाएं देखने को मिलती है।
- भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के बढ़ने के साथ-साथ यूनानी चिकित्सा पद्धति का प्रयोग करने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ रही है।
- इस कोर्स को कम खर्च में कर सकते हैं और आसानी से रोजगार भी पा सकते हैं।
- इस कोर्स को करके यूनानी चिकित्सा पद्धति के बारे में प्रैक्टिकल नॉलेज प्राप्त कर सकते हैं।
- इस कोर्स को करने के बाद कोई भी उम्मीदवार अपना निजी क्लीनिक या अस्पताल भी खोल सकता है।
- इस पद्धति को जीवित रखने के लिए भी आप इस यूनानी चिकित्सा पद्धति का यह कोर्स कर सकते हैं।

### बेस्ट कॉलेज

भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के विस्तार के साथ-साथ यूनान की प्रसिद्ध और सदियों पुरानी यूनानी चिकित्सा पद्धति भी इन दिनों बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। इस चिकित्सा पद्धति में रुचि दिखाने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ रही है, तो अगर आप भी मेडिकल क्षेत्र से संबंध रखते हैं या आगे बढ़ना चाहते हैं। तो आप यूनानी चिकित्सा पद्धति पर आधारित बीयूएमएस कोर्स को कर सकते हैं। वर्तमान समय में भारत के अनेक सारे शिक्षण संस्थान और मेडिकल कॉलेज इस कोर्स को करवा रहे हैं, जिसके नाम इस प्रकार निम्नलिखित है।

- कलकत्ता यूनानी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, कोलकाता
- गवर्नमेंट यूनानी मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज
- गवर्नमेंट यूनानी मेडिकल कॉलेज, बेंगलुरु
- राजस्थान यूनानी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, जयपुर
- गवर्नमेंट यूनानी मेडिकल कॉलेज, चेन्नई

### प्रवेश परीक्षाएं

बीएमयूएस कोर्स को देश के अनेक सारे महत्वपूर्ण मेडिकल कॉलेज द्वारा करवाया जाता है। यह कॉलेज काफी महत्वपूर्ण और लोकप्रिय है। इसीलिए यहां पर एडमिशन के लिए भी प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन करवाया जाता है और उन परीक्षाओं में आने वाले अंकों के आधार पर ही चयन किया जाता है। तो देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज द्वारा इस कोर्स के लिए आयोजित कराई जाने वाली प्रवेश परीक्षाएं इस प्रकार है। नीट , सीपैट, ईएम , सीपीमी।

### महत्वपूर्ण कोर्स

वर्तमान समय में भारत में करवाए जाने वाले प्रत्येक महत्वपूर्ण कोर्स के लिए एक आवेदन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। उस आवेदन प्रक्रिया के आधार पर ही कोई भी अभ्यर्थी आवेदन कर सकता है। बता देते हैं कि यह एक महत्वपूर्ण कोर्स है जिसे देश की बड़ी-बड़ी यूनिवर्सिटी करवाती है तो उन यूनिवर्सिटी के द्वारा निर्धारित की गई आवेदन प्रक्रिया के तहत आप इस कोर्स के तहत आवेदन करके यूनानी चिकित्सा पद्धति को सीख सकते हैं और चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। तो इस कोर्स के लिए निर्धारित की गई आवेदन प्रक्रिया इस प्रकार है।

### आवेदन करने के लिए यह प्रक्रिया अपनाएं

- सबसे पहले इस पोस्ट को करने के लिए किसी एक यूनिवर्सिटी का चयन करें।
- अब उसे यूनिवर्सिटी की ऑफिसल वेबसाइट पर पहुंचे हैं।
- ऑफिसल वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करके आईडी पास्वर्ड प्राप्त कर लें।
- वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के बाद आईडी और पासवर्ड से लॉग ऑन करें।
- अब वेबसाइट पर चुने हुए कोर्स का चयन करके आगे बढ़े।
- अब आपके सामने एक आवेदन फार्म ओपन हो जाएगा इस आवेदन फार्म को भरें।
- आवेदन फार्म में अपनी शैक्षणिक योग्यता, नाम, पता, फोटो, विवरण इत्यादि दर्ज करें।
- अब आवेदन फार्म को एक बार पुनः जांच करें और सबमिट कर दें।
- आवेदन फार्म के साथ जरूरी और संबंधित दस्तावेज को भी अपलोड करें।
- अब आवेदन शुल्क का भुगतान करें इसके लिए विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन पेमेंट मेथड का चयन कर सकते हैं।
- अब यदि एडमिशन प्रवेश परीक्षा पर आधारित है, तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें फिर रिजल्ट के बाद तक इंतजार करें।
- प्रवेश परीक्षा में अंकों के आधार पर लिस्ट भी जारी कर दी जाती है।

### योग्यता

- अभ्यर्थी का मान्यता प्राप्त बोर्ड से पास होना अनिवार्य है।
- अभ्यर्थी को किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 पास करना होगा।
- इस कोर्स के लिए अभ्यर्थी के 10+2 में कम-से-कम 50% अंक होने चाहिए।
- आवेदक को दसवीं के बाद साइंस लेना जरूरी है।
- 10वीं के बाद फिजिक्स, केमिस्ट्री और जूलॉजी या बॉटनी, बायोलॉजी साथ ही मुख्य विषय के रूप में अंग्रेजी का होना भी जरुरी है।
- आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों को 10+2 में 40% अंक पर भी एडमिशन मिल जाता है।
- इस कोर्स के लिए एडमिशन हेतु उम्मीदवार की न्यूनतम आयु सीमा 17 वर्ष निर्धारित की गई है।
- आवेदक की अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष निर्धारित है।

### आवश्यक दस्तावेज़

- एक पासपोर्ट और छात्र वीजा
- आधिकारिक शैक्षणिक प्रमाण पत्र
- पोर्टफोलियो (यदि आवश्यक हो)
- स्कैन पासपोर्ट की कॉपी
- आईईएलटीएस या टीओईएफएल
- आवश्यक टेस्ट स्कोर
- बैंक विवरण
- अपडेट किया गया सीवी
- एकेडमिक एलओआरएस
- एसओपी
- निबंध (यदि आवश्यक हो)

### करियर स्कोप

बीयूएमएस कोर्स अभी भारत में नया है। इसलिए इस कोर्स को करने पर आपको अच्छे करियर स्कोप देखने को मिल जाते हैं। वर्तमान समय में भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति की तरह यूनानी चिकित्सा पद्धति पर आधारित यह कोर्स भी काफी लोकप्रिय हो रहा है, तो आप इस कोर्स को करके इस प्रकार करियर स्कोप देख सकते हैं।

- फार्मेसी
- फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री
- पर्सनल क्लिनिक
- सरकारी और गैरसरकारी हॉस्पिटल
- हेल्थ केयर कम्युनिटी
- एजुकेशनल इंस्टीट्यूट
- यूनानी चैरिटेबल इंस्टीट्यूट
- लाइफ साइंस इंडस्ट्री
- रिसर्च लैब

---

# महाकुंभ मेला : समर्पण और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने की देता प्रेरणा



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

छात्र जीवन संघर्ष, सीखने और अनुभवों से भरा हुआ एक ऐसा महत्वपूर्ण समय होता है, जब व्यक्ति अपने भविष्य की नींव तैयार करता है। इस दौर में, छात्र अक्सर पढ़ाई, करियर की तैयारी, सामाजिक अपेक्षाओं और व्यक्तिगत समस्याओं के बीच सामंजस्य बिठाने की कोशिश करते हुए अनावश्यक दबाव महसूस करते हैं। यह दबाव कभी-कभी उनके आत्मविश्वास को कमजोर कर देता है और उन्हें अपने वास्तविक लक्ष्य से भटका सकता है। ऐसे समय में, कुंभ मेले जैसे आयोजन हमें यह प्रेरणा देते हैं कि जब हमारा ध्यान और समर्पण अपने लक्ष्य पर पूरी तरह केंद्रित होता है, तो सबसे कठिन कार्य भी सरल प्रतीत होने लगते हैं। कुंभ मेले में लाखों लोग विभिन्न कठिनाइयों को पार करते हुए एकजुट होते हैं, केवल अपनी आस्था और विश्वास के कारण।

## सकारात्मक सोच को अपनाकर बढ़ना चाहिए आगे

छात्रों को भी अपने जीवन में दृढ़ निश्चय, अनुशासन और सकारात्मक सोच को अपनाकर आगे बढ़ना चाहिए। चुनौतियां और असफलताएं तो हर जीवन का हिस्सा होती हैं, लेकिन उनसे सीखकर आगे बढ़ना ही सच्ची सफलता है। छात्रों को यह समझने की जरूरत है कि यह संघर्ष ही उन्हें भविष्य के लिए मजबूत और सक्षम बनाता है। यदि वे अपने समय का सही प्रबंधन करें, आत्ममूल्य को पहचानें और अपने उद्देश्य के प्रति समर्पित रहें, तो हर कठिनाई एक सीख बनकर उन्हें सफलता की ओर अग्रसर करेगी। इस प्रकार, छात्र जीवन न केवल एक संघर्ष है, बल्कि यह एक अवसर है अपने व्यक्तित्व और जीवन को निखारने का।

**अनावश्यक दबाव और ध्यान की कमी:** छात्रों को समाज, परिवार, प्रतिस्पर्धा और आत्म-संदेह जैसे कारणों से दबाव का सामना करना पड़ता है। ये दबाव उन्हें विचलित कर देते हैं और उनकी क्षमता को प्रभावित करते हैं। परीक्षा, करियर की तैयारी और अन्य गतिविधियों के बीच संतुलन बनाना अक्सर चुनौतीपूर्ण हो जाता है। लेकिन कुंभ मेले से हमें यह समझने को मिलता है कि समर्पण और ध्यान केंद्रित करने से हर मुश्किल आसान हो सकती है।

**कुंभ मेले की शिक्षा:** कुंभ मेला, जहाँ करोड़ों श्रद्धालु गंगा स्नान करने आते हैं, एक प्रेरणादायक उदाहरण है। कल्पना करें, कड़ाके की ठंड में सुबह-सुबह गंगा में स्नान करना कितना कठिन कार्य हो सकता है। लेकिन श्रद्धालु यह कार्य आसानी से कर लेते हैं। क्यों? क्योंकि उनका ध्यान और विश्वास अपने लक्ष्य पर होता है-पवित्र स्नान और आत्मा की शुद्धि। उनकी आस्था और एकाग्रता ही उन्हें कठिन परिस्थितियों में भी साहस प्रदान करती है।

## छात्रों के लिए सीख

**लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें:** जब आप अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो बाहरी दबाव आपके प्रदर्शन को प्रभावित नहीं कर सकते।

**आत्म-विश्वास और सकारात्मक सोच:** गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की तरह ही, यदि आप अपने अंदर आत्म-विश्वास जगाएं और अपने प्रयासों पर भरोसा करें, तो कठिन परिस्थितियाँ भी आसान लगेंगी।

**दृढ़ता और अनुशासन :** कुंभ मेले में अनुशासन और सामूहिक भावना का उदाहरण मिलता है। छात्र जीवन में अनुशासन और नियमितता अपनाने से आप अपनी पढ़ाई और करियर की दिशा में बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। कुंभ मेले का सबसे बड़ा संदेश है कि आस्था, समर्पण और एकाग्रता से असंभव कार्य भी संभव हो सकता है। छात्रों को यह समझना चाहिए कि अनावश्यक दबाव से बचने का सबसे अच्छा तरीका है अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना। जब आप अपने उद्देश्य को पूरी निष्ठा से अपनाएंगे, तो आप किसी भी चुनौती को पार कर सकते हैं। जीवन के इस पाठ को आत्मसात करें और सफलता की ओर अपने कदम बढ़ाएं। फोकस, समर्पण और अनुशासन से हर मुश्किल आसान बन सकती है। एक गहन सत्य है, जिसे यदि व्यक्ति अपने जीवन में आत्मसात कर ले, तो सफलता उसके कदम चूमने लगती है। फोकस यानी ध्यान केंद्रित करना, किसी भी कार्य को पूरा करने का सबसे पहला और महत्वपूर्ण चरण है। जब हम अपने उद्देश्य पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करते हैं, तो हमारा मन विचलित नहीं होता और ऊर्जा सही दिशा में लगती है। समर्पण, इसका दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है, जो यह सुनिश्चित करता है कि चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन क्यों न हों, हम अपने प्रयासों में कमी न आने दें। समर्पण ही वह ताकत है, जो हमें अपने लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। इसके साथ अनुशासन वह आधार है, जो हमारी मेहनत को एक व्यवस्थित ढांचा देता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$ * में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

**खबर संक्षेप**



हिसार। कुटिया मोक्षद्वार में रामायण पाठ का शुभारंभ करते संत रामानंद महाराज व अन्य संत।

## कुटिया मोक्षद्वार में 9 रामायणों के पाठ शुरू

**हिसार।** परमहंस योग दरबार ब्रह्मपुरी तीर्थ स्थल, शांति नगर में 2 फरवरी को मनाए जाने वाले बसंत पंचमी पर्व के उपलक्ष्य में आज प्रातः डोगरान मोहल्ला स्थित कुटिया मोक्षद्वार में ब्रह्मदर्शी संत उपरामानंद महाराज के आशीर्वाद से 9 रामायणों के पाठ शुरू किए गए। इस दौरान संत रामानंद महाराज के सानिध्य में भजन कीर्तन एवं सत्संग किया गया। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर प्रवक्ता ने बताया कि पहली फरवरी को प्रातः 6 से 7:30 बजे तक व सायं 3:30 बजे से 5:30 बजे तक रामायण शिक्षा प्रवाह व सत्संग समागम का आयोजन किया जाएगा।

## फतेहचंद महिला कॉलेज में प्रशिक्षण का आयोजन

**हिसार।** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में योग विभाग के सौजन्य से हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के अन्तर्गत 7 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत आयुष विभाग की योग सहायक रैना कुमारी ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाते हुए छात्राओं को बताया कि सूर्य नमस्कार एक सम्पूर्ण व्यायाम पद्धति है। हमें इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। इन सात दिनों में महाविद्यालय की अलग-अलग कक्षाओं की छात्राओं को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया।

## टोहाना में हुए सडक़ हादसे में बुजुर्ग की मौत

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में एक सडक़ हादसे में 77 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। वह अपनी बेटी से मिलकर वापस लौट रहे थे। रास्ते में उनकी स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और वे गिर गए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। हादसे को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार रतिया के रहने वाले पोलाराम ने बताया कि उनके पिता लक्ष्मणदास गांव अकावली में अपनी बेटी से मिलने गए थे। वापसी के दौरान स्कूटी का संतुलन बिगडऩे से वे सडक़ पर गिर गए। गंभीर हालत में उन्हें तुरंत नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्ट एएसआई राजकुमार के अनुसार, पुलिस ने मृतक के बेटे के बयान पर इतफाकिया मौत का मामला दर्ज कर लिया है।

### चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश व राजस्थान के ऊर्जा विभाग के निजीकरण का किया विरोध

# निजीकरण के खिलाफ हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार





हिसार। निजीकरण के खिलाफ नारेबाजी करते इंजीनियर्स तथा गेट मीटिंग करते हुए यूनियन के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा चंडीगढ़ ऊर्जा विभाग को एक फरवरी से निजी हाथों को सौंप देने, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश बिजली वितरण के पूर्वांचल व दक्षिणांचल दो संभागों व ऐसे ही राजस्थान सरकार जेनको व वितरण संभागों को ज्वाइंट वेंचर के नाम पर निजी कारोबारियों को बेच देने के विरोध में हरियाणा पॉवर इंजीनीयर्स एसोसिएशन (एचपीईए) की हिसार जोनल इकाई ने विद्युत सदन के सामने गेट मीटिंग कर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन ऑल इंडिया पॉवर इंजिनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) व नेशनल को-ऑर्डिनेशन कोमेटी ऑफ इलैक्ट्रीसिटी एंपलॉयज एंड इंजिनीयर्स के आह्वान पर किया गया। इस दौरान नारेबाजी करते इंजिनियर्स ने केंद्र व राज्य सरकारों से निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से निरस्त कर पहले की स्थिति बहाल रखने की मांग की है। एचपीईए के उपाध्यक्ष बलजीत बैनीवाल ने कहा केंद्र सरकार व चंडीगढ़ प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि फायदे में चल रहे 2500 करोड़ रुपये एसेट वैल्यू के ऊर्जा विभाग को मात्र 800 करोड़ रुपये में एक निजी कंपनी के हाथों बेच देना पूरी तरह अतार्किक है।हिसार जोनल अध्यक्ष आशीष मोदी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सलाऊदीन कागदाना ने कहा कि चंडीगढ़ ऊर्जा विभाग के सभी इंजिनियर्स व कर्मचारी विभाग को निजी हाथों में सौंपने के खिलाफ़ लगातार कई महीनों से प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें सुना नहीं जा रहा है जबकि वो सबसे बड़े स्टेकहोल्डर हैं, यह उनके लोकतांत्रित अधिकारों पर खुला आक्रमण है। उत्तर प्रदेश व राजस्थान में भी केंद्र सरकार के हस्तक्षेप से प्राशसनिक अधिकारियों पर झूठे आंकड़े तैयार कर औने-पौने दामों पर निजीकरण करने की कोशिश कर रही है, यह देश के आम लोगों पर कुठाराघात है, इससे बिजली दर मोबाइल दरों की तर्ज पर अनियंत्रित तरीके से बढ़ेगी। इस दौरान हिसार जोन महासचिव साहिल गर्ग, उपाध्यक्ष सुरेंद्र रेडू, हिसार जोन सदस्य अमित कुमार, साहिल गर्ग, एक्सईएन राजेश निनाणियां, होशियार सिंह जाखड़, रविंद्र कालीरावण, एसडीओ साहिल, मनदीप कुंडू, शुभम सोनी, बलवान सिंह, विरेंद्र राणा, बलवान सिंह, साहिल कुमार, ललित कुमार, नागेंद्र मलिक, जोगेंद्र गोयत, संदीप वर्मा आदि काफ़ी संख्या में इंजीनियर्स उपस्थित थे।

### सरकार की ऑनलाइन पॉलिसी कर्मचारी विरोधी : यूनियन

**हिसार।** ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन राज्य की कमेटी के आह्वान पर सातरोड़ सब डिविजन में प्रदेश की ऑनलाईन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में गेट मीटिंग की गई। मीटिंग में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया और निगम मैनेजमेंट व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यालय में शुक्रवार को हुई गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान बोबिन्द्र हुड्डा ने की और संचालन सचिव मुकेश खांडा ने किया। गेट मीटिंग को राज्य उपप्रधान जगमेन्द्र पूनिया, यूनिट के वरिष्ठ उपप्रधान रविन्द्र बिश्नोई, यूनिट सचिव रमेश सातरोड़, सह सचिव मुकेश गौतम ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि निगम मैनेजमेंट ऑनलाईन पॉलिसी में भी पक्षपात कर रही है। अपने चहेते कर्मचारियों को पॉलिसी से बाहर किया जा रहा है और बेकसूर कर्मचारियों को पॉलिसी के अंदर लाकर बदली की जा रही है। गेट मीटिंग में सब यूनिट के नेता कमल पूनिया, रविन्द्र सेनी, सुंदर, दिनेश, पवन, आत्माराम, कंस्ट्रक्शन से साथी सुरेन्द्र वर्कशॉप से साथी रामनिवास सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे।



हिसार। अधीक्षक अभियंता कार्यालय पर दिए गए धरना को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## अभियंता ने मांगों का समाधान करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- यूनियन ने धरना किया स्थगित, गेट मीटिंग करके दी जानकारी

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर अधीक्षक अभियंता जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालय पर धरना देकर रोष प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान ओमप्रकाश माल तथा संचालन जिला सचिव दीपक मेहरा ने किया।

जिला प्रधान ओमप्रकाश गंगवा ने शुक्रवार को बताया कि अधीक्षक अभियंता ने 28 जनवरी को संगठन को वार्ता के लिए बुलाया था, लेकिन वार्ता में कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने की बजाय अधीक्षक अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल के साथ दुव्र्यवहार किया। इसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष था, जिसके चलते आज यह धरना दिया गया। उन्होंने बताया कि धरना में कर्मचारियों को रोष को देखते हुए अधीक्षक अभियंता धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने संगठन को आश्वासन दिया कि 3 फरवरी तक सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा और उसके बाद वो जिला कमेटी को वार्ता के लिए बुलाएंगे। जिला प्रधान ने बताया कि अधीक्षक अभियंता के आश्वासन के बाद संगठन ने तीन फरवरी तक धरना को स्थगित करने का निर्णय लिया। प्रदर्शन के दौरान जिला चेयरमैन नरेश गौतम, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, सह सचिव राजेश शर्मा, उप प्रधान प्रीतम, उप प्रधान सूरत सिंह, संगठन सचिव रामू शर्मा, ऑडिटर सतीश दनोदा, प्रचार सचिव राजेश महिच, प्रदीप, अभयराम फौजी आदि मौजूद रहे।

## ऑनलाइन ट्रांसफर पोलिसी के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

- ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के खिलाफ आंदोलन तेज
- निगम प्रशासन व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

बिजली निगम मैनेजमेंट द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के खिलाफ व हरियाणा के बिजली कर्मचारियों की चंडीगढ़ में ड्यूटी लगाने व केंद्र सरकार द्वारा चण्डीगढ़ बिजली निगम को प्राइवेट कम्पनी को हैंड ओवर करवाने के खिलाफ शुक्रवार को मुंढाल, सीटी, उमरा, सिसाय, नारनौंद में ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन (सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) के सदस्यों ने गेट मीटिंग करके विरोध प्रदर्शन किया और सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए निगम प्रशासन व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गेट मिटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान रणजीत सैनी ने किया। मीटिंग का संचालन सचिव सुमित मित्तल ने किया। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए राज्य कैशियर सुरेंद्र यादव व यूनिट प्रधान सुरेंद्र हुड्डा ने कहा कि केन्द्र सरकार चंडीगढ बिजली विभाग को मुनाफे में होने के बावजूद इसे प्राइवेट कंपनी को सौंपना चाहती है जिसका देश के तमाम कर्मचारी संगठन विरोध कर रहे हैं। केंद्र सरकार चंडीगढ़ आगरा लखनऊ वाराणसी मुनाफे के बिजली निगमों को संपत्तियों को कोड़ियों के भाव बेच रही है। मीटिंग को जोनी कुमार, सुनील यादव, अमीरचंद जांगड़ा, सतीश बड़सी, संदीप सैनी, अमित मंदौरा, सतीश रोहिल्ला, राजबीर लोहान, अमरजीत यादव, राजेश सैनी, राकेश पेटवाड़, राजेश बामल, सोमबीर मोर, अनिल चौहान, सुखबीर मलिक व अनुज गोयल आदि मौजूद थे।

## नया सत्र शुरू होने से पहले किए जाएं अध्यापकों के तबादले : अध्यापक संघ

- अध्यापक संघ के आदमपुर ब्लॉक के प्रतिनिधिमंडल ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते अध्यापक संघ पदाधिकारी।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के आदमपुर ब्लॉक के प्रतिनिधिमंडल ने ब्लॉक प्रधान दलबीर भादू की अध्यक्षता में खंड शिक्षा अधिकारी को अध्यापकों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक सचिव लीलू राम ने बताया कि ज्ञापन में मांग की गई है कि सरकार तुरंत प्राथमिक शिक्षक व अन्य कैटेगरी के अध्यापकों का तबादला नया सत्र शुरू होने से पहले करें। हरियाणा में अध्यापकों के हजारों पद खाली पड़े हैं। सरकार नियमित भर्ती के माध्यम से खाली पदों को भरने का काम करे। उन्होंने बताया कि अब पढ़ाई के समय अध्यापकों को ट्रेनिंग व पाठ योजना के नाम पर बच्चों से दूर किया जा रहा है जो बच्चों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि अध्यापक संघ मांग करता है कि तबादला करते समय आयु के साथ-साथ सेवाकाल के अनुभव के अंक भी दिए जाएं व सभी प्राथमिक विद्यालयों में सफाई कर्मचारी नियुक्त किए जाएं। इस अवसर पर जिला आडिटर सुभाष जास्ट, ब्लॉक सचिव लीलू राम, रामचंद्र चालिया, निरंजन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कर्मचारियों की जायज मांगों को जल्द पूरा करने की मांग

- यूनियन सब यूनिट गंगवा की जनरल मीटिंग में चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। मांगों और समस्याओं को लेकर चर्चा करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसबी वर्कर यूनियन सब यूनिट गंगवा की जनरल मीटिंग हुई। इसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान महेंद्र डूडी ने की तथा मंच का संचालन सब यूनिट सचिव सुभाष खीचड़ ने किया। इसमें कर्मचारियों की समस्याओं पर विचार किया गया। बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा करवाए जाने की मांग की गई। कर्मचारियों की मांगों में मुख्य तौर पर पुरानी पेंशन बहाली, बिजली कर्मचारियों के रिस्क अलाउंस, सेफ्टी किट, फील्ड कर्मचारियों में स्टाफ की भारी कमी को पूरा कराना आदि शामिल है। इस पर यूनियन नेता ने आश्वासन दिया कि सभी मुख्य लंबित मांगों को यथाशीघ्र यथा संभव उच्चाधिकारियों से बातचीत कर पूरा करवाया जाएगा। मीटिंग में मुख्य रूप से राधेश्याम कैमरी, दिनेश गिल, दीपक, सूबे सिंह, सुनील स्याहडवा, कृष्णलाल जेई, मनीषा रानी, राकेश शर्मा आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हादसे में घायल को मिलेगी 1.5 लाख तक कैशलेस सुविधा

- सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने शुरू की पायलट योजना
- परेशानी होने पर हेल्पलाइन नंबर-14555 पर कर सकते हैं कॉल



हेमेंद्र मीणा, एसपी, हांसी।

**हांसी।** मोटर वाहनों के इस्तेमाल के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा एक पायलट योजना शुरू की गई है। भारत सरकार का यह कदम सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने की अपनी प्रतिबद्धता और मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 162 के तहत कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र मीणा ने बताया कि सड़क हादसे में घायल नागरिक को आयुष्मान भारत योजना के पैनल के अस्पतालों में 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज का हकदार है। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु को रोकना है। इस प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सरकार ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 162 के तहत मोटर वाहनों के उपयोग से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को नकद रहित उपचार प्रदान करने के लिए एक योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसे में कोई भी पीड़ित नागरिक आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के तहत आघात और बहु-आघात के लिए स्वास्थ्य लाभ पैकेज के अनुसार दुर्घटना की तिथि से अधिकतम 7 दिनों की अवधि के लिए प्रत्येक दुर्घटना के लिए प्रति 1.5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज का हकदार है।

## स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान शुरू



हिसार। अभियान को हरी झंडी दिखाते जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. संजय वर्मा

**हिसार।** जिला टी बी अस्पताल में स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. संजय वर्मा, एएसएमओ डॉ. सत्यपाल ने अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि कुष्ठ रोगी के साथ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। इस मौके पर लेप्रोसी सुपरवाइजर प्रदीप पुनिया, बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी नवीन, पवन, प्रवीण, विक्रम, ममता, प्रवीण कुमारी, अमरजीत कौर, ओमप्रकाश वर्मा, मनोहरलाल, विकास, वेदप्रकाश, मनोज, मनदीप, नवीन आदि मौजूद थे।

## हमें कल्याण के मार्ग पर चलकर सब जीवों को प्यार करना चाहिए : स्वामी


- स्वामी दीप्तानंद अवधूत आश्रम खरड़ अलीपुर धाम में चार दिनों से चल रहे अनुष्ठान का भंडारे के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार




हिसार। महोत्सव में उपस्थित संत-महात्मा।

निकटवर्ती गांव खरड़ में स्थित स्वामी दीप्तानंद अवधूत आश्रम खरड़ अलिपुर धाम हिसार सद्गुरु बंदी छोड़ हरिहरानंद जी महाराज के समाधि स्थल पर शुक्रवार को उनके 10वें निर्वाण महोत्सव सत्संग व विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान आए हुए श्रद्धालुओं को धर्मलाभ देते हुए आश्रम के संचालक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कहा कि संत महात्मा सदैव सच्ची व धर्म की बात कर जीवों को कल्याण का मार्ग दिखाते हैं। हमें उनके दिखाएं कल्याण के मार्ग पर चलकर सब जीवों को प्यार करना चाहिए। इसके अलावा हमें शुद्ध व पोष्टिक आहार ही ग्रहण करना चाहिए ताकि हम सदैव स्वस्थ रह सकें। उन्होंने संस्कृत श्लोक से गुरु की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि 'गुरु की ऊर्जा सूर्य सी, अंबर सा विस्तार। गुरु की गरिमा से, बड़ा नहीं आकार।। गुरु का सानिध्य ही जग में है उपहार, प्रस्तर को क्षण-क्षण गढ़े मूरत हो तैयार', अर्थात गुरु का आशीष सूर्य की किरणों की तरह होता है और गुरु का संग अपने आप में एक उपहार होता है क्योंकि गुरु समय-समय पर अपने ज्ञान से राह दिखाते हैं। इसलिए हमें सदा गुरु के अधीन रहकर उनका आशीष लेना चाहिए। उन्होंने कहा हुए कहा कि गुरु हमेशा अपने शिष्यों की सुरक्षा करते हैं। उन्हें सही ज्ञान मार्ग देते हैं ताकि वह शिष्य किसी भी परीक्षा में असफल न हो सके। इस मौके पर श्री श्री 1008 सतगुरू बंदीछोड़ घीसा संत महाराज की अमृत वाणी के अखंड पाठों का विधिवत रूप से संपूर्ण भोग हुआ।



हिसार। सड़क सुरक्षा में सहयोग देने वाले युवाओं के साथ एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण।

## सड़क सुरक्षा के लिए युवाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- युवाओं की सक्रिय भागीदारी सड़क सुरक्षा के लिए सकारात्मक कदम : एडीजीपी

हिसार रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ. एम. रवि किरण ने कहा है कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी सड़क सुरक्षा के लिए एक सकारात्मक कदम है। जागरूकता व जिम्मेदारी के साथ हम सभी मिलकर सड़क दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण शुक्रववार को सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत सराहनीय कार्य करने वाले युवाओं को सम्मानित कर रहे थे। नेहरू युवा केन्द्र से जुड़े इन युवाओं ने स्वेच्छा से इस पखवाड़े में भाग लिया। एडीजीपी ने सड़क सुरक्षा अभियान को सफल बनाने के लिए युवाओं के योगदान की सराहना की और समाज में जागरूकता फैलाने के उनके प्रयासों को अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण ने कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं नियमों का ज्ञान न होने व लापरवाही के कारण होती है। सड़क सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने लिए हर नागरिक को जागरूक होना होगा। सड़क पर सावधानी, यातायात नियमों का पालन, और जिम्मेदार नागरिक बनकर हम अपने और दूसरों के जीवन की रक्षा कर सकते हैं। उन्होंने सभी से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, मोबाइल फोन का उपयोग न करने और गति सीमा का पालन करने का आग्रह भी किया। एडीजीपी कार्यालय के प्रवक्ता के अनुसार अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, यातायात व हाईवे (करनाल) के निर्देशन में जनवरी माह को सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया गया।

### जिले में 11 से 18 फरवरी तक राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत चलेगा विशेष अभियान

# जिले में 5 लाख 80 हजार 171 बच्चों को दी जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली

- एडीसी सी. जयाश्रद्धा ने जिला टास्क फोर्स की बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में निर्देश देते अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा। फोटो : हरिभूमि

जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत 11 से 18 फरवरी तक विशेष अभियान चलाकर एक वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूलों तथा स्लम एरिया में जाकर खिलाई जाएगी।

अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने स्थानीय लघु सचिवालय के वीसी सभागार में शुक्रवार को जिला टास्क फोर्स की बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए। एडीसी सी. जयाश्रद्धा ने कहा कि बच्चों को कुपोषण से बचाने तथा उन्हें स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम में कार्य करें।

कार्यक्रम के माध्यम से 11 से 18 फरवरी तक विशेष अभियान के तहत एक से 19 वर्ष के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों तथा स्लम एरिया में जाकर एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएंगी। इस अभियान को सफल बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें और 100 प्रतिशत बच्चों को दवा खिलाना सुनिश्चित किया जाए। आपात स्थिति से निपटने के लिए 11 मोबाइल वैन की ड्यूटी भी लगाई गई हैं, जिसमें चिकित्सकों की तैनाती रहेगी। सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत 11 से 18 फरवरी को जिला में 5 लाख 80 हजार 171 बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली दी जाएगी। उन्होंने बताया कि एक से दो साल तक के बच्चों को आधी गोली, दो से 19 साल तक तथा 20 से 24 साल की प्रजनन वर्ग की महिलाओं को पूरी गोली खिलाई जाएगी। इसके अलावा जो बच्चा इस अभियान के तहत छूट जाते हैं तो उन्हें 18 फरवरी को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजु राणा, उप- नगर निगम आयुक्त विरेन्द्र सहारण, सीआरएम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्ण कुमार, उकलाना राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएस सांगा, डॉ योगेश, डॉ सज्जन, डॉ. अर्चना, डॉ रेणुका गुप्ता, फार्मेसी अधिकारी राजन वर्मा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### सुरेश लांबा अध्यक्ष संदीप बने शाखा मंत्री

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ का दूसरा वार्षिक अधिवेशन जिला अध्यक्ष अजीत फौजी की अध्यक्षता में हुआ। जिला मंत्री संदीप पान्नू के संचालन में शुक्रवार को हुए अधिवेशन में चुनाव पर्यवेक्षक प्रांतीय अध्यक्ष चांदराम चहल की देखरेख में सर्वसम्मति से संगठन की नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें रमेश पूनिया को चेयरमैन, सुरेश लाम्बा को शाखा अध्यक्ष, संदीप कुमार शाखा मंत्री, अजीत न्याणा संगठन मंत्री, अनिल भोजराज वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेश लाडवा वित्त मंत्री, अजीत फौजी ऑडिटर, रामफल पूनिया व सत्यवान बधाणा मुख्य सलाहकार, मनोज कुमार प्रेस सचिव चुना गया।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव माढा निवासी सुभाष के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने 14 जनवरी को अमर मार्केट से मोटरसाइकिल चोरी की थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चुराई गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली।

### बसंत पंचमी पर ध्यान सत्र कार्यक्रम कल

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 2 फरवरी को बसंत पंचमी धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर इंसान की आंतरिक यात्रा पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान साधकों को बसंत पंचमी के सही मायने समझने का भी अवसर मिलेगा और ध्यान की सरल विधियां भी सिखाई जाएंगी। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि 2 फरवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक ध्यान सत्र का समय रहेगा और इस दौरान बसंत पंचमी उत्सव भी मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मां सांची ध्यान की विधियों से रूबरू करवाएंगी और इस अवसर पर साधकों को झूमने व नाचने का भी अवसर मिलेगा।

### फर्जी बिल मामला: 2 दिन के रिमांड पर ऑपरेटर

**हिसार।** अदालत ने नगर निगम में फर्जी मेडिकल बिलों के नाम पर किए गए लाखों के घोटाले के मामले में पकड़े गए मुख्य आरोपी को जोनी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड के दौरान पुलिस फर्जी बिलों व इस मामले में अन्य कर्मचारियों की संलिप्तता बारे पूछताछ करेगी। मुख्य आरोपी एवं निगम में डाटा एंट्री ऑप्रेटर जोनी ही इस पूरे मामले का कर्ताधर्ता है। इस समय जोनी व दो अन्य कर्मचारी नगर निगम की तरफ से सस्पेंड किए हुए हैं।

फाइनल में महाराष्ट्र को पछाड़कर ट्रॉफी पर किया कब्जा

# राष्ट्रीय खेलों में लगातार चौथी बार रग्बी में चैंपियन बना हरियाणा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा ने राष्ट्रीय खेलों में रग्बी 7एस का पुरुष वर्ग का खिताब जीत लिया है। उत्तराखंड के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज ग्राउंड पर जारी 38वें राष्ट्रीय खेलों के रग्बी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में आज हरियाणा ने फाइनल मैच में महाराष्ट्र को 22-7 से हराकर राष्ट्रीय खेलों में लगातार चार बार स्वर्ण पदक जीतने का इतिहास रच डाला। हरियाणा राज्य रग्बी फुटबॉल संघ के सचिव नरेंद्र सिंह मोर ने बताया कि हरियाणा की जीत में प्रिंस खत्री, मोहित खत्री, तिलक राज ने ट्राय किया और दीपक पूनिया ने कन्वर्जन किया। हरियाणा ने सेमीफाइनल मुकाबले में पश्चिम बंगाल को 24-0 से एकतरफा मुकाबले में हरा कर फाइनल में जगह बनाई थी। उड़ीसा ने पश्चिम बंगाल को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। पदक विजेता टीमों को जी. टी. सी. सी. चेयरपर्सन सुनैना कुमारी ने पदक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एथलैटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व सचिव और जी. टी. सी. सी. सदस्य रविंद्र चौधरी, रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस और सचिव गेराल्ड प्रभु उपस्थित रहे। इस मौके पर हरियाणा ओलिंपिक दल से कर्नल राजपाल आहलूवालिया, रविंद्र पान्नू (हिसार), योगेश कालरा ने हरियाणा के विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।




हिसार। राष्ट्रीय खेलों में रग्बी 7एस चैम्पियन बनी हरियाणा टीम नरेंद्र सिंह मोर, रविंद्र पान्नू व अन्यों के साथ।

### छात्र व छात्रा वर्ग वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर संदीप व रोशनी बेस्ट एथलीट

**मंडी आदमपुर।** श्रीकृष्ण प्रणामी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता तथा सांइस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सौलरतंत्र, वर्षा के पानी का सगृंहण, पानी की पुनःउयोगिता, प्रदूषित पानी को पुनः शुद्ध रूप में लाना, हड़प्पा सभ्यता, मानव के हदय की कार्यविधि, ऊर्जा से संचालित विभिन्न यंत्रों का मॉडल, अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाना तथा भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगतिशीलता को दर्शाता मॉडल तैयार किए। इसके अलावा विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता के 100 मीटर दौड़ में अभिषेक प्रथम, सुमित द्वितीय तथा सुशील तृतीय स्थान पर रहे। लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में दीपिका प्रथम, रोशनी द्वितीय व रितू तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के दौरान छात्र व छात्रा वर्ग वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर संदीप व रोशनी को बेस्ट एथलीट चुना गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी पंकज मक्कड़ तथा प्राचार्या ज्योति कुल्हड़िया ने बच्चों की मेहनत की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।



मंडी आदमपुर। श्रीकृष्ण प्रणामी विद्यालय में सांइस प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रबंधक व प्राचार्या।

### हरियाणा स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आगाज आज

**हिसार।** हरियाणा स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आगाज 1 फरवरी को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के के गिरी सैंटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स में होगा। चैपिंयनशिप का उद्घाटन नलवा हलके से विधायक रणधीर पनिहार करेंगे। यह जानकारी देते हुए मास्टर्स एथलैटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया हरियाणा के महासचिव चरणजीत सिंह ने बताया कि दो दिवसीय यह प्रतियोगिता पुरुष और महिला दोनों वर्गों में करवाई जाएगी। इसमें 30 प्लस वर्ष से ऊपर 100 प्लस तक आयु के हरियाणा के पुरुष और महिलाएं भाग लेंगी। प्रतियोगिता के दौरान 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 5000 मीटर, 10,000 मीटर रेस, 5 किलोमीटर पैदल चाल, गोला फेंक, तार गोला फेंक, चक्का फेंक, जैवलिन थ्रो, हाई जम्प, लॉन्ग जम्प, ट्रिपल जम्प, पोल वाल्ट, 100 मीटर, 110 मीटर, 80 मीटर, 400 मीटर बाधा दौड़ आदि की स्पर्धाएं करवाई जाएंगी।



हिसार। फिजियोथेरेपी विभाग में विद्यार्थियों को 'क्रैनियल ऑस्टियोपैथी' के बारे में प्रैक्टिकल जानकारी देते डा. अमित कुमार। फोटो: हरिभूमि

# क्रैनियल ऑस्टियोपैथी पर व्याख्यान का आयोजन

- डॉ. अमित कुमार व दूसरे विशेषज्ञों ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से क्रैनियल ऑस्टियोपैथी पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों व स्वास्थ्य पेशेवरों को क्रैनियल ऑस्टियोपैथी के सिद्धांतों और अनुप्रयोगों के बारे में शिक्षित करना था। प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार, डायरेक्टर फिजियो हेल्थ प्लस ने व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान में क्रैनियल ऑस्टियोपैथी के इतिहास व दर्शन, इसके नैदानिक अनुप्रयोगों तथा इस क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में डॉ. अमित कुमार ने अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया और फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और तरीकों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों ने डॉ. अमित कुमार की प्रशंसा की और उनके द्वारा साझा किए गए ज्ञान को अत्यंत उपयोगी बताया। व्याख्यान कार्यक्रम में फिजियोथेरेपी विभाग के विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

#### सतत प्रयासों का हिस्सा

फिजियोथेरेपी विभाग की अध्यक्षा डॉ. जसप्रीत कौर ने कहा कि यह व्याख्यान हमारे सतत प्रयासों का हिस्सा है ताकि विद्यार्थियों व स्वास्थ्य पेशेवरों को नवीनतम ज्ञान और तकनीकों के संपर्क में लाया जा सके। कार्यक्रम का संचालन डॉ मनोज मलिक, डॉ रेखा एवं डॉ वंदना द्वारा किया गया। प्रो. शबनम जोशी, डॉक्टर कालिंदी, डॉ मीनाक्षी बागड़ी, डॉ वरुण एवं अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

### दिव्यांग केंद्र में निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आज

**हिसार।** रोटरी हिसार दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 1 फरवरी को निःशुल्क नेत्र जांच व नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन करेगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर के लिए निशुल्क पंजीकरण प्रक्रिया चल रही है। नेत्र ऑपरेशन शिविर प्रातः 10 बजे शुरू होगा। इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सक जरूरतमंद लोगों की आंखों की निशुल्क जांच करेंगे।



हिसार। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, समर गोपालपुर, रोहतक की छात्राओं के साथ कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो: हरिभूमि

# छात्राएं रूचि के अनुसार ही चुनें अपने विषय

- रोहतक के समर गोपालपुर स्कूल की 49 छात्राओं ने किया विश्वविद्यालय का भ्रमण, वीसी से मिलीं
- विश्वविद्यालय में आकर संबंधित कोर्सों की जानकारी प्राप्त कर सकती हैं छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय स्कूली विद्यार्थियों को भी विश्वविद्यालय भ्रमण के अवसर प्रदान करवा रहा है। स्कूली विद्यार्थी विश्वविद्यालय में आकर विश्वविद्यालय की सुविधाओं और व्यवस्थाओं के साथ-साथ कोर्सों की जानकारी भी ले सकते हैं तथा विश्वविद्यालय का भ्रमण कर सकते हैं। इसी कड़ी में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, समर गोपालपुर, रोहतक की 49 छात्राओं ने विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। छात्राओं का दल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई से मिला। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने शुक्रवार को छात्राओं को विश्वविद्यालय से संबंधित कोर्सों तथा सुविधाओं के बारे में बताया। साथ ही छात्राओं को उनकी रूचि के अनुसार उच्च शिक्षा लेने के लिए भी प्रेरित किया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने छात्राओं को बताया कि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं तथा प्रयोगशालाएं उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय में सभी कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत संचालित हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा को उनकी रुचि के क्षेत्रों में उचित मंच प्रदान करने के लिए प्रेरित करती है। विद्यार्थी भ्रमण दल को विश्वविद्यालय परिसर, पुस्तकालय तथा सभागार का दौरा भी करवाया गया। दल के साथ राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, समर गोपालपुर, रोहतक की शिक्षिका पूजा रानी व अनिल कुमारी भी उपस्थित रहे।

### श्री श्याम बंसती वस्त्र वितरण कार्यक्रम कल

**हिसार।** श्री श्याम मंदिर सेक्टर 16-17 में 2 फरवरी को बसंत पंचमी उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सुबह 9.15 बजे महाश्रृंगार आरती होगी। श्याम भक्तो मे श्याम प्रभु के बंसती वस्त्र का वितरण किया जाएगा। वस्त्र का श्याम भक्तों के लिए विशेष महत्व होता है। वस्त्र वितरण भोग आरती पश्चात दोपहर 12.15 बजे होगा। श्री श्याम का बंसती फूलों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। भक्तों मे पीले मीठे चावल का प्रसाद भी वितरित किया जाएगा। त्रिलोक बंसल ने बताया कि दोपहर दो बजे से मंदिर प्रांगण मे अरविंद गुप्ता द्वारा श्री सुंदरकांड पाठ किया जाएगा।

# घोड़ा फार्म की मुख्य सड़क का निर्माण शुरू

- क्षेत्रवासियों का संघर्ष लाया रंग, निगम अधिकारियों ने शुरू करवाया काम

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

लगातार दो माह तक चले धरने व प्रदर्शन के बाद नगर निगम प्रशासन ने अपने आश्वासन के अनुसार घोड़ा फार्म रोड की सड़क बनानी शुरू कर दी है। क्षेत्रवासियों ने इसे अपने संघर्ष की जीत बताते हुए अपने आश्वासन के अनुसार काम करने पर निगम अधिकारियों का आभार जताया है। घोड़ा फार्म रोड मार्केट एसोसिएशन के प्रधान वीरेन्द्र नरवाल ने शुक्रवार को कहा कि इस सड़क के लिए क्षेत्रवासियों ने लगातार दो माह तक धरना दिया था और समय-समय पर प्रदर्शन भी किया था। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों से मिलकर उनके सामने भी समस्या रखी गई थी। लंबे संघर्ष के बाद नगर निगम आयुक्त नीरज व अन्य अधिकारियों ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि नगर निगम अधिकारियों ने अपने आश्वासन के अनुसार घोड़ा फार्म रोड की मुख्य सड़क बनवानी शुरू कर दी है। इससे क्षेत्रवासियों में खुशी है।



हिसार। घोड़ा फार्म रोड की सड़क बनाने में लगे कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

# आयरन की गोलियां वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

लघु सचिवालय कॉलोनी में स्थित डिस्पेंसरी की कोलैबोरेशन से विद्यार्थियों को एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत आयरन फोलिक एसिड की गोलियां वितरित की गई। प्राचार्या डॉ. उर्मिला मलिक ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जागृत कर खून की कमी को दूर करना है ताकि वे पूरा दिन ऊर्जावान बने रहकर अपने सभी कार्यों को सुचारू रूप से कर सके।

वर्तमान समय में विद्यार्थियों का खानपान उचित न होने व फास्ट फूड की ओर रुझान की वजह से अधिकांश विद्यार्थियों का हीमोग्लोबिन निम्न पाया जाता है। प्राचार्या ने लोहतत्व से भरपूर खाद्य पदार्थों जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां-पालक, बथुआ,चौलाई आदि को अपने आहार का प्रमुख हिस्सा बनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।



हिसार। छात्राओं को आयरन फोलिक एसिड की गोलियां वितरित करते हुए।




### सरसौद में जागरूकता रैली निकाली

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान एवं सामुदायिक विज्ञान की छात्राओं ने गांव सरसौद में रावे रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस के तहत एक रैली का आयोजन किया। यह रावे 19 फरवरी तक चलेगा। इसमें सामुदायिक विज्ञान की छात्राएं अपना अनुभव गांव की महिलाओं के साथ साझा करेंगी। रैली में लगभग सौ छात्राओं ने भागीदारी दिखाई और गांव के सरपंच प्रदीप भ्यान एवं उनकी पत्नी सुनीता भ्यान का मार्गदर्शन रहा। इस मौके पर डॉक्टर प्रोमिला चहल , आरएमसीएस विभाग की प्रोफेसर डॉ. प्रोमिला चहल और एचडीएफएस विभाग की डॉ. रीना ने रैली का नेतृत्व किया। शुक्रवार की रैली का विषय /"हमारा संविधान , हमारा अभिमान/" था, जिसका उद्देश्य संविधान की महत्वता को बताना था।

भारतीय इस्पात उद्योग एमएसएमई के साथ गहराई से जुड़ा : जिंदल

# 300 मिलियन टन उत्पादन को चाहिए 10 लाख करोड़ का निवेश

- आईसीसी ने स्टील सेक्टर के दृष्टिकोण से विकसित भारत: 2047 में भारत विषय पर सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) ने स्टील सेक्टर के दृष्टिकोण से विकसित भारतः 2047 में भारत विषय पर एक सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम में इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सत्र में प्रमुख नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों ने भाग लिया। शामिल प्रमुख हस्तियों में सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, भारतीय वाणिज्य मंडल के अध्यक्ष एवं जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल, टाटा स्टील लिमिटेड के कॉरपोरेट मामलों के प्रमुख मनीष मिश्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील के मुख्य विपणन अधिकारी विनय श्रॉफ, भारतीय इस्पात संघ के महासचिव आलोक सहाय, और अन्य प्रमुख उद्योग हितधारक शामिल थे। इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंडरिक ने विकसित भारत के विज़न पर बोलते हुए कहा कि इस्पात उद्योग भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि 2030 तक इस्पात की मांग 300 मिलियन टन और 2047 तक 700-800 मिलियन टन तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, आपूर्ति क्षमता का विस्तार एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। 2030 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रुपये 10 लाख करोड़ के निवेश की जरूरत होगी, जबकि भविष्य के विकास के लिए भी भारी निवेश जरूरी है।




हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक, आईसीसी के अध्यक्ष और जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल व अन्य उद्योगपति।

#### प्रतिस्पर्धा के लिए मजबूत एमएसएमई की जरूरत

आईसीसी के अध्यक्ष और जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने उद्घाटन भाषण में कहा कि भारतीय इस्पात उद्योग एमएसएमई के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है और राष्ट्रीय विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए एमएसएमई को सशक्त बनाना, कौशल विकास में निवेश करना और उद्योग-अकादमिक भागीदारी को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। वैश्विक व्यापार गतिशीलता में बदलाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने विशेष रूप से चीन और वियतनाम से कम कीमत वाले इस्पात के आयात का मुकाबला करने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि घरेलू उद्योग के लिए समान अवसर सुनिश्चित किए जा सकें।

स्थापित - 1936 सर्वेसन्तु निरामया :
डॉ. बनारसी दास शर्मा हस्पताल

मोहल्ला सैनियान, हिसार
मो. 98960-04939
डॉ. साकेत शर्मा, आयुर्वेदाचार्य
3 पीढ़ीयों से आपकी सेवा में
आयुर्वेद चिकित्सा-श्रेष्ठ चिकित्सा
चर्म रोग
सोरायसिस, एग्जीमा, सफेद दाग
Fungal, Acne, बालों का झड़ना, Alcpocia, Urticaria आदि सभी प्रकार के चर्म रोगों के विशुद्ध आयुर्वेदिक उपचार के लिए सम्पर्क करें।